कार्यालय सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

विज्ञप्ति

सर्व साधारण के सूचनार्थ विज्ञप्ति प्रसारित की जाती है कि **माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 द्वारा संचालित वर्ष 2019 की हाईस्कूल परीक्षा में इम्प्रूवमेंट/कम्पार्टमेंट परीक्षा हेतु** अर्ह परीक्षार्थियों का इम्प्रूवमेंट/कम्पार्टमेंट परीक्षा हेतु आवेदन विद्यालय के प्रधानाचार्य के माध्यम से **परिषद की वेबसाइट upmsp.edu.in पर दिनांकः 05–05–2019 से दिनांकः 31–05–2019 की मध्यरात्रि 12.00 बजे तक स्वीकार किया जायेगा।** सम्बन्धित छात्र/छात्राएं अपने पंजीकृत विद्यालय के प्रधानाचार्य से सम्पर्क स्थापित कर परीक्षा शुल्क रुपया 256.50 तथा एक प्रार्थना पत्र के साथ अंकपत्र की छाया प्रति संलग्न कर प्रस्तुत करेगें। **विद्यालय के प्रधानाचार्य समस्त छात्रों के परीक्षा शुल्क एक मुश्त कोषागार में चालान के माध्यम से जमाकर शुल्क का विवरण तथा सम्बन्धित छात्र का अनुकमांक एवं उसके इम्प्रूवमेंट/कम्पार्टमेंट परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विषय को दिनांकः 31–05–2019 की मध्यरात्रि 12.00 बजे तक अपने विद्यालय के पासवर्ड से वेबसाइट पर ऑनलाइन अपलोड करेगें। इम्प्रूवमेंट के अन्तर्गत परीक्षार्थी अपने अनुत्तीर्ण हुये एक विषय में तथा कम्पार्टमेंट के अन्तर्गत परीक्षार्थी अपने अनुत्तीर्ण हुये दो विषयों में से केवल किसी एक विषय में ही परीक्षा में सम्मिलित हो सकता है।**

इम्प्रूवमेंट/कम्पार्टमेंट परीक्षा हेतु अर्ह परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षाएं (आन्तरिक मूल्यांकन) दिनांकः 21 मई 2019 से 31 मई 2019 के मध्य सम्बन्धित विद्यालय के प्रधानाचार्यों द्वारा सम्पादित कराया जायेगा। अस्तु सम्बन्धित छात्र/छात्राएं उक्त तिथियों के मध्य अपने पंजीकृत विद्यालय के प्रधानाचार्य से सम्पर्क स्थापित कर आन्तरिक मूल्यांकन की परीक्षा में सम्मिलित हो लें। विद्यालय के प्रधानाचार्य ऐसे परीक्षार्थियों के आन्तरिक मूल्यांकन से सम्बन्धित विषयवार अंकों की सूची सम्बन्धित क्षेत्रीय कार्यालय को दिनांकः 10 जून 2019 तक अवश्य उपलब्ध करा दें।

(नीना श्रीवास्तव)
सचिव।

पृष्ठांकन संख्याः मा0शि0प0/सिस्टम सेल/ 44 (1-6) दिनांकः 02 मई 2019

उक्त विज्ञप्ति की प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1– सम्पादक दैनिक समाचार पत्र .... को इस अनुरोध के साथ कि विज्ञप्ति को जनहित में अपने समाचार पत्र के समस्त संस्करणों में मुख्य पृष्ठ पर निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

2– उप सचिव, शिक्षा–7 अनुभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।

3– समस्त मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश।

4– समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक, उत्तर प्रदेश को इस आशय के साथ की अपने अधीनस्थ जनपद के प्रधानाचार्यों को निर्देशित करने का कष्ट करें।

5– अपर सचिव, मा0शि0प0, क्षे0का0, मेरठ/बरेली/प्रयागराज/वाराणसी/गोरखुपर अपने स्तर से प्रभावी अनुश्रवण सुनिश्चित करें।

6– वैयक्तिक सहायक शिक्षा निदेशक(मा0) एवं सभापति, शिविर कार्यालय,18 पार्क रोड, लखनऊ।

2.5.19.

(नीना श्रीवास्तव)
सचिव।

gopal/compartment vigypati-2019

Scanned by CamScanner